प्रदेश की पहली यात्री ‘पिंक बस’

चर्चा में क्यों?

6 सितंबर, 2021 को मध्य प्रदेश की पर्यटन, संस्कृति और अध्यात्म मंत्री ऊषा ठाकुर ने नगर निगम आयुक्त प्रतिभा पाल के साथ इंदौर में **अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड (एआईसीटीएसएल)** द्वारा संचालित प्रदेश की पहली पिंक बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रमुख बिंदु

- एआईसीटीएसएल द्वारा **महिलाओं के सशक्तीकरण, स्वावलंबन और उनकी सुरक्षा** को दृष्टिगत रखते हुए यह सेवा शुरू की गई है।
- इस बस में दो महिला ड्राइवर ‘**रितु नरवाले**’ और ‘**अर्चना कटारे**’ तथा महिला परिचालक के रूप में ‘**लक्ष्मी असवरा**’ व ‘**पुष्पा चौहान**’ कार्यरत हैं।
- पिंक बस में दोनों महिला ड्राइवर को बस चलाने का एक माह का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। ये पिंक बसें सीसीटीवी कैमरे, ऑन बोर्ड यूनिट, सेंसर डोर जैसी नवीन तकनीकों से युक्त हैं। इस बस में प्रतिदिन लगभग दो हज़ार महिलाएँ सफर कर सकेंगी।
- मंत्री ऊषा ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि महिला ड्राइवर द्वारा संचालित प्रदेश की पहली यात्री ‘**पिंक बस**’ महिला आत्मनिर्भरता और सशक्तीकरण की पहचान है।
- उन्होंने एआईसीटीएसएल को इस सेवा के लिये शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इंदौर ने इस प्रकार की सेवा प्रारंभ कर अन्य ज़िलों को प्रेरणा दी है और भविष्य में भी इस प्रकार की महिला सशक्तीकरण की विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-first-passenger-pink-bus